29.07.22

O/C

कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बिजनौर

विज्ञप्ति

पत्रांक सं0 698/DLSA Bijnor/2022 दिनांक 28/07/2022

मा0 उ0 प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के पत्रांक सं0 1916/एसएलएसए-37ए/2010 दिनांकित 14.08.2018 एवं पत्रांक सं0 2150/एसएलएसए-37/2013 दिनांकित 01.09.2021 के अनुपालन ए0डी0आर0 केन्द्र, बिजनौर में रिक्त संविदा तृतीय श्रेणी के 01 पद पर नियुक्ति हेतु निर्धारित प्रारूप पर आवेदन पत्र दिनांक **16.08.2022** तक आमंत्रित किये जा रहे हैं, जिससे सम्बन्धित आर्हता निम्नवत हैं-

आयु निर्धारण	अनिवार्य योग्यता	टंकण ज्ञान	मासिक नियत मानदेय
दिनांक 30.07.2022 को 18 वर्ष से 40 वर्ष के मध्य	1. इण्टरमीडिएट परीक्षा उत्तीर्ण। 2. NIELIT द्वारा प्रदत्त DOECC या CCC diploma.	हिन्दी- 25 शब्द प्रति मिनट अंग्रजी- 30 शब्द प्रति मिनट	10730/- (दस हजार सात सौ तीस रु मात्र)

आवश्यक निर्देश-

1. अभ्यर्थी भारत का नागरिक होना चाहिए।
2. अभ्यर्थी का एक से अधिक जीवित पति/पत्नि नहीं होना चाहिए।
3. अभ्यर्थी को किसी परीक्षा मे बैठने से नियुक्ति प्राधिकारी/आयोग/न्यायालय द्वारा डिबार न किया गया है।
4. अभ्यर्थी को न्यायालय द्वारा किसी आपराधिक मामले में दण्डित न किया गया हो।
5. अभ्यर्थी को परीक्षा स्थल पर आने-जाने हेतु कोई मार्ग व्यय देय नहीं होगा।
6. आवेदन पत्र अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, सिविल कोर्ट कैम्पस, बिजनौर उ0 प्र0-246701 को संबोधित सील बन्द लिफाफे मे समस्त वांछित शैक्षिक, पहचान-पत्र, निवास व चरित्र प्रमाण-पत्र सम्बन्धित प्रपत्रों की स्व-हस्ताक्षरित छायाप्रतियों तथा दो स्व हस्ताक्षरित पास-पोर्ट साईज फोटो सहित दिनांक 16.08.2022 की सांयकाल 5 बजे तक जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बिजनौर के कार्यालय में जमा कराये जा सकते हैं अथवा पंजीकृत डाक द्वारा भी प्रेषित किया जा सकते हैं। उक्त तिथि के बाद प्राप्त होने वाले अथवा गलत पते पर प्रेषित आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जाएगा।
7. अभ्यर्थी का चयन शैक्षिक योग्यता एवं टंकण परीक्षा के आधार पर होगा।
8. टंकण परीक्षा दिनांक 18.08.2022 को जजी परिसर, बिजनौर में आयोजित की जाएगी। (अपरिहार्य कारण से टंकण परीक्षा तिथि मे परिवर्तन किया जा सकता है।)
9. अभ्यर्थी आवेदन पत्र के साथ एक स्वपतायुक्त लिफाफा पंजीकृत डाक हेतु निर्धारित डाक टिकट लगाकर प्रस्तुत करे।
10. नियत पारिश्रमिक पर मंहगाई भत्ता या अन्य कोई भत्ता आदि देय नहीं होगा।
11. चयन के सम्बन्ध मे अध्यक्ष,जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बिजनौर का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा।

29/7/2022

12. अभ्यर्थी द्वारा दी गई सूचना चयन के किसी भी स्तर पर मिथ्या पाये जाने पर उसका अभ्यर्थन निरस्त कर दिया जाएगा।

13. चयनित अभ्यर्थी की नियुक्ति संविदा के आधार पर कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से दिनांक 28.02.2023 तक की अवधि के लिये होगी। कार्यकाल की अवधि सम्यक शासनादेशों के अधीन बढ़ाई जा सकती है।

14. आवेदन का प्रारूप कार्यालय, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बिजनौर के नोटिस बोर्ड से किसी भी कार्य दिवस में प्रातः 10 बजे से सांय 5.00 बजे तक के मध्य प्राप्त किया जा सकता है अथवा मा0 उच्च न्यायालय, इलाहाबाद की आधिकारिक वेबसाइट **https://www.allahabadhighcourt.in** तथा जनपद न्यायालय, बिजनौर की आधिकारिक वेबसाइट **https://districts.ecourts.gov.in/bijnor** से भी डाउनलोड किया जा सकता है।

दिनांकः

संलग्नक- आवेदन का प्रारूप।

(मदन पाल सिंह)
28/7/2021
अध्यक्ष
जिला विधिक सेवा प्राधिकरण/जनपद न्यायाधीश
बिजनौर।

प्रतिलिपिः

1. जनपद न्यायालय बिजनौर के नोटिस बोर्ड पर चस्पा हेतु।
2. कलैक्ट्रेट, बिजनौर के नोटिस बोर्ड पर चस्पा हेतु।
3. जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बिजनौर के नोटिस बोर्ड पर चस्पा हेतु।

कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बिजनौर में तृतीय श्रेणी कर्मचारी (कनिष्ठ लिपिक) के पद पर संविदा के आधार पर अस्थायी नियुक्ति हेतु आवेदन पत्र का प्रारूप

1. अभ्यर्थी का नाम (हिन्दी में)..
2. अभ्यर्थी का नाम (अंग्रेजी के बड़े अक्षरों में)..
3. अभ्यर्थी के पिता का नाम ....
4. अभ्यर्थी की जन्मतिथि ....
5. दिनांक 30.07.2022 को अभ्यर्थी की आयु वर्ष.........माह..........दिन.......
6. अभ्यर्थी का लिंग (पुरुष/महिला)..
7. अभ्यर्थी की जाति ....
   (सामान्य/अ0पि0व0/अनु0 जाति/ अनु0 जनजाति)
8. अभ्यर्थी के पत्र-व्यवहार का पता ....
9. मोबाईल नं0 व ई-मेल आई0डी0 ....
10. अभ्यर्थी का स्थाई पता ....
11. अभ्यर्थी की राष्ट्रीयता ....
12. शैक्षिक योग्यता (स्व0 प्रमाणित छायाप्रतियां संलग्न करें)

क्र0 सं0	परीक्षा	बोर्ड/विश्वविद्यालय	वर्ष	श्रेणी/ प्रतिशत

13. टंकण गति (कम्प्यूटर पर) हिन्दी..............................शब्द प्रति मिनट
    अंग्रेजी..............................शब्द प्रति मिनट
14. विशेष अर्हता/कार्य अनुभव ....
15. यदि अभ्यर्थी को किसी न्यायालय द्वारा आपराधिक मामले में दण्डित किया गया हो या उसके विरुद्ध की आपराधिक मामला विचाराधीन हो तो उसका विवरण..
16. यदि अभ्यर्थी को किसी नियुक्ति प्राधिकारी/आयोग/न्यायालय द्वारा परीक्षा में बैठने से डिबार किया गया हो तो उसका विवरण..

दिनांक............................

स्थान............................

अभ्यर्थी के पूर्ण हस्ताक्षर

उद्घोषणा

मैं प्रमाणित करता/करती हूं कि उपरोक्त सभी सूचनायें मेरे निजी ज्ञान से सही व सत्य हैं। यदि किसी भी समय उक्त सूचनायें गलत या झूठी पाई गई तो उसकी पूर्णरूपेण जिम्मेदारी मेरी स्वयं होगी एव इस आधार पर मेरा अभ्यर्थन/चयन निरस्त किये जाने पर मुझे कोई आपत्ति नहीं होगी। मैंने आवेदन सम्बन्धी सभी नियम व शर्तों का अवलोकन कर लिया है तथा वे सभी मुझे स्वीकार है।

दिनांक............................

स्थान............................

अभ्यर्थी के पूर्ण हस्ताक्षर